**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 30.09.2025** **समय : 1905**

- राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी उत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे मुख्य अतिथि। कल इस अवसर पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया जाएगा।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के तीनों अंगों के एकीकृत संचालन की सफलता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने सेमिनार में साइबर युद्ध की तैयारियों पर भी विशेष जोर दिया।
- दक्षिण अंडमान में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए होटल और गेस्ट हाउस के लिए नए सुरक्षा आदेश जारी।
- लाइट हाउस और लाइटशिप्स निदेशालय ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली के डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे एक विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। वर्ष उन्नीस सौ पच्चीस में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित आर एस एस ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और आपदा राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस शताब्दी समारोह में आर एस एस के राष्ट्र निर्माण में योगदान के महत्व को बताया जाएगा। यह शताब्दी समारोह न केवल आर एस एस की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक यात्रा और राष्ट्रीय एकता का भी प्रतीक है। इस आयोजन से देशभर में एकता और राष्ट्र सेवा का संदेश और भी मजबूत होगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव बाईस सितम्बर को शुरू हुआ और यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त लाभ प्रदान कर रहे हैं।

<><><><><><>

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में एक सेमिनार में कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों के बीच परस्पर–संचालन क्षमता और एकजुटता आज के समय में सफल संचालन की अहम् आवश्यकता बन गई है। उन्होंने बताया कि इक्कीसवीं सदी में खतरे बढ़ गए हैं और भूमि, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबर स्पेस सभी आपस में गहरे रूप से जुड़े हुए हैं। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने अपनी वायु रक्षा में एकजुटता का शानदार प्रदर्शन किया, जो निर्णायक साबित हुआ। उन्होंने तीनों सेनाओं के अधिकारियों और जवानों को इस ऑपरेशन की सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि जब सेनाएं एकजुट होकर काम करती हैं, तो उनकी क्षमता में भारी वृद्धि होती है। रक्षा मंत्री ने भारतीय वायु सेना के एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली को भारतीय सेना के आकाश तीर और भारतीय नौसेना के त्रिगुण के साथ एकीकृत करने की सफलता को प्रमुख तत्व बताया। उन्होंने कहा कि एकीकृत संचालन के इस युग में साइबर और सूचना युद्ध के मानकों को एकीकृत करने की आवश्यकता है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे, लॉज आदि को लेकर नया आदेश जारी किया है। यह आदेश राष्ट्रविरोधी तत्वों की गतिविधियों को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है। इस आदेश के अंतर्गत केवल उन्हीं प्रतिष्ठानों को कार्य करने की अनुमति दी जाएगी जिनके पास वैध लाइसेंस होंगे। इन सभी प्रतिष्ठानों में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और उनकी रिकॉर्डिंग कम से कम तीस दिनों तक सुरक्षित रखी जाएगी। इन प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले सभी व्यक्तियों का पूरा विवरण एक रजिस्टर में रखना होगा, जिसमें उनके वैध पहचान पत्र की एक प्रति भी रखी जाएगी। विदेशी नागरिकों के ठहरने की जानकारी को निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण प्राधिकरण को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यह आदेश कल से प्रभावी होगा और साठ दिनों तक लागू रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस के तहत दंडित किया जाएगा।

<><><><><><>

बोटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख ने राष्ट्रीय कर्मयोगी बड़े पैमाने पर जन सेवा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री गोपालन संथानम, महाप्रबंधक और आर. बी. पंगत, उपमहाप्रबंधक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा समन्वित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में सुधार और सामाजिक–आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण कल्याण और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक अहम् कदम बढ़ाते हुए, स्वास्थ्य निदेशालय ने लाइटहाउस और लाइटशिप्स निदेशालय के साथ मिलकर डी ज़ी एल एल के कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य परिवारों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी भलाई सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत धर्मवीर श्रीवास्तव, लाइटहाउस और लाइटशिप्स निदेशक द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इस शिविर में चिकित्सा परामर्श, गैर–संक्रामक बीमारियों और अनीमिया की जांच के साथ–साथ मासिक धर्म स्वच्छता और पोषण पर जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी, श्री विजयपुरम में हिंदी के कैजुअल असाइनी की लिखित परीक्षा ग्यारह अक्टूबर को सुबह दस बजे होगी। अभ्यार्थी अपना कॉल लेटर सात और आठ अक्टूबर को आकाशवाणी, श्री विजयपुरम से सुबह नौ बजे से चार बजे तक प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

हैडो स्थित वन्यजीव प्रभाग ने इकहत्तरवें वन्यजीव सप्ताह समारोह के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह समारोह वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रमों में एन पी आई सी से फ्लैग पॉइंट तक झांकी प्रदर्शन, साइकिल रैली, जापानी बंकर का उद्घाटन और कॉलेज विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त चार अक्टूबर को एम पी एन पी में ऑर्किडेरियम और पक्षी व्याख्या केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। समारोह के दौरान ग्रब द्वीप पर कृत्रिम मूंगा चट्टान स्थापना और पारिस्थितिक निगरानी सर्वेक्षण भी होंगे। यह आयोजन स्थानीय समुदाय और पर्यटकों के लिए वन्य जीवों के संरक्षण के महत्व को बताएगा।

<><><><><><><>